प्रेस नोट 29.04.2021

एक जिलाबदर अपराधी गिरफ्तार–

दिनांक 29.04.2021 को थाना घोसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान मिर्जा जमालपुर के पास से जिलाबदर अपराधी दीपक यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी मिर्जाजमालपुर थाना घोसी जनपद मऊ को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 250/21 धारा 10 उ0प्र0 गुण्डा नियत्रंण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

121 शीशी अवैध देशी शराब बरामद 02 गिरफ्तार–

दिनांक 28.04.2021 को थाना रामपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान मर्यादपुर से सर्वानंद पुत्र शिवधन निवासी फतेहपुर मण्डाव थाना मधुबन, कृश्ण कुमार पुत्र अछैवर निवासी महरूफपुर थाना रामपुर जनपद मऊ दोनों के कब्जे से क्रमशः 82–39 शीशी (200 एमएल) अवैध देशी शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्तों के विरूद्ध थाना स्थानीय पर धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।